**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

**सं0** :–03 / भू0अ0नि0(4)सं0आरोप(वैशाली)–16 / 2024...4176.. पटना, दिनांक :– 24/07/2025

**आदेश**

बंदोबस्त पदाधिकारी, वैशाली के पत्रांक 414 दिनांक 20.09.2024 द्वारा सुश्री ट्विंकल कुमारी, विशेष सर्वेक्षण लिपिक (SCL12238) के विरूद्ध योगदान करने के पश्चात् बिना सूचना के अनुपस्थित रहने का प्रतिवेदन दिया गया है।

प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में निदेशालय पत्रांक 14497 दिनांक 02.12.2024 द्वारा सुश्री कुमारी से अनाधिकृत अनुपस्थित रहने के विरूद्ध स्पष्टीकरण की मांग की गयी, जिसका प्रतिउत्तर इनके द्वारा समर्पित किया गया। प्राप्त स्पष्टीकरण पर निदेशालय द्वारा बंदोबस्त पदाधिकारी से मंतव्य की मांग की गयी, जिसका प्रतिउत्तर बंदोबस्त पदाधिकारी द्वारा अपने पत्रांक 567 दिनांक 21.06.2025 द्वारा दिया गया है।

बंदोबस्त पदाधिकारी से प्राप्त प्रतिवेदन / मंतव्य एवं सुश्री ट्विंकल से प्राप्त स्पष्टीकरण का अवलोकन किया गया है। सुश्री ट्विंकल द्वारा स्पष्टीकरण में चलने–फिरने में असमर्थ रहने के कारण अनुपस्थित रहने का उल्लेख किया गया है, जिसके समर्थन में चिकित्सीय साक्ष्य दिया गया है। स्पष्टीकरण पर बंदोबस्त पदाधिकारी का मंतव्य है कि बिमारी के कारण ये अनुपस्थित थी, जिसके पश्चात् स्वास्थ्य प्रमाण पत्र के साथ इनके द्वारा योगदान दिया गया है। साथ ही बंदोबस्त पदाधिकारी द्वारा विशेष सर्वेक्षण लिपिकों की कमी रहने के फलस्वरूप योगदान स्वीकृत करने का अनुरोध किया गया है।

अतः बंदोबस्त पदाधिकारी द्वारा किए गए अनुरोध के आलोक में सुश्री ट्विंकल कुमारी, विशेष सर्वेक्षण लिपिक (SCL12238) को कार्य नहीं तो वेतन नहीं के आधार पर स्पष्टीकरण से मुक्त करते हुए तत्काल प्रभाव से योगदान स्वीकृति की अनुमति दी जाती है।

Sd/- 22/7
**(जे0 प्रियदर्शिनी)**
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :–03 / भू0अ0नि0(4)सं0आरोप(वैशाली)–16 / 2024...4176... **पटना, दिनांक** :– 24/07/2025

**प्रतिलिपि** :– सुश्री ट्विंकल कुमारी, विशेष सर्वेक्षण लिपिक (SCL12238), बंदोबस्त कार्यालय, वैशाली को सूचनार्थ प्रेषित।

Sd/- 22/7
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :–03 / भू0अ0नि0(4)सं0आरोप(वैशाली)–16 / 2024...4176... **पटना, दिनांक** :– 24/07/2025

**प्रतिलिपि** :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, वैशाली को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Sd/- 22/7
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :–03 / भू0अ0नि0(4)सं0आरोप(वैशाली)–16 / 2024...4176... **पटना, दिनांक** :– 24/07/2025

**प्रतिलिपि** :– संबंधित प्रोग्राम, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

Sd/- 22/7
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप